भारत सरकार

संचार मंत्रालय

दूरसंचार विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 639

उत्तर देने की तारीख 06 दिसम्बर, 2023

ग्रामीण क्षेत्रों में 5जी मोबाइल सेवा

639. श्री रोड़मल नागरः

क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए निःशुल्क 5जी मोबाइल सेवा प्रदान करना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) राजगढ़ संसदीय क्षेत्र में बेहतर मोबाइल सेवाएं प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा क्या विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं; और

(घ) सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जहां अभी तक मोबाइल सेवा उपलब्ध नहीं हैं, इन सेवाओं की बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार राज्य मंत्री

(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) और (ख) भारत का डेटा दर दुनिया में सबसे किफायती डेटा दरों में से एक है। डेटा की कीमत वर्ष 2014 में 269 रुपये प्रति जीबी से घटकर वर्ष 2023 में 9.94 रुपये प्रति जीबी हो गई है। देश में 5जी रोल आउट तीव्रतम रॉलआउट में से एक रहा है और 5जी उपयोगकर्ताओं के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं है।

(ग) और (घ) राजगढ़ संसदीय क्षेत्र तीन जिले का भाग हैं (राजगढ़, आगर मालवा का भाग और गुना जिला)। इन जिलों के कुल 3,555 गाँवों में से 3,512 गाँव में मोबाइल सेवाएं उपलब्ध हैं।

सरकार सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) से वित्त पोषण के माध्यम से देश के सेवा से वंचित सभी गांवों में मोबाइल नेटवर्क कवरेज उपलब्ध कराने के लिए 4जी सैचुरेशन स्कीम सहित विभिन्न स्कीमों को क्रियान्वित कर रही है।

*****